समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पवनराजे हत्याकांड के फैसले से पहले बड़ा सियासी ड्रामा! कोर्ट मे मौजूद ओमराजे निंबाळकर, बाहर आक्रामक हुए शिवसैनिक

Sanket Morankar Published on 20 Jun 2026



करीब 20 साल पुराने बहुचर्चित **पवनराजे निंबाळकर हत्याकांड** में आज फैसला आने की संभावना है। इस अहम दिन सांसद **ओमराजे निंबाळकर** अपने परिवार के साथ मुंबई की अदालत में मौजूद हैं। वहीं कोर्ट परिसर के बाहर ठाकरे गुट के शिवसैनिक बड़ी संख्या में जमा होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया है।

अदालत के भीतर मामले की सुनवाई जारी है, जबकि बाहर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने कोर्ट परिसर में भारी सुरक्षा व्यवस्था की है।

## कोर्ट मे सुंनवाई, बाहर गरमाया माहौल

अदालत में आरोपी, वकील और दोनों पक्षों के प्रतिनिधि मौजूद हैं। न्यायालय पूरे मामले का विवरण पढ़ रहा है और किसी भी समय फैसला सुनाया जा सकता है।

इधर, ठाकरे गुट के शिवसैनिक बड़ी संख्या में कोर्ट के बाहर पहुंच गए हैं। हाल ही में शिवसेना के छह सांसदों द्वारा बगावत किए जाने और ठाकरे गुट की ओर से शुरू किए गए '**ऑपरेशन तुडवा**' अभियान के बाद यह घटनाक्रम काफी अहम माना जा रहा है।

## शिवसैनिकों का तीखा हमला

कोर्ट के बाहर मौजूद शिवसैनिकों ने ओमराजे निंबाळकर पर जमकर निशाना साधा।

एक शिवसैनिक ने कहा, "**ओमराजे चुनाव जीतने के बाद कैसे दिखते थे और गद्दारी करने के बाद कैसे दिखते है, यह देखने आए है। रात के बाद दिन जरूर आता है, हमारा भी समय आएगा।**"

उन्होंने आगे कहा, "**शिवसैनिक आज भी पहले जैसा ही है। शिवसैनिकों की कलाई मे आंज भी वही ताकत है। थोड़ा**

**इंतजार कीजिए, आपको बड़ी ब्रेकिंग न्यूज मिलेगी।"**

इन बयानों के बाद कोर्ट परिसर के बाहर तनाव और बढ़ गया।

## पक्ष बदलने के बाद बढ़ी राजनीतिक हलचल

ओमराजे निंबाळकर हाल ही में उद्धव ठाकरे की शिवसेना छोड़कर बागी सांसदों के साथ चले गए थे। वह उन छह सांसदों में शामिल हैं जिन्होंने पार्टी से अलग होने का फैसला किया। बाकी पांच सांसद फिलहाल सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं।

वहीं, पिता पवनराजे निंबाळकर की हत्या के मामले में फैसला होने के कारण ओमराजे अपने परिवार के साथ अदालत पहुंचे हैं।

## पुलिस का कड़ा बंदोबस्त

संभावित विरोध और तनाव को देखते हुए अदालत परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

## फैसले पर पूरे महाराष्ट्र की नजर

करीब दो दशक से चर्चा में रहे पवनराजे निंबाळकर हत्याकांड का फैसला अब किसी भी समय आ सकता है। इस फैसले का न केवल कानूनी बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति पर भी बड़ा असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.